# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 8 मई, 2026

वर्ष 02 | अंक 114 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का चक्का जाम, इंदौर-आगरा मुंबई नेशनल हाईवे पर घंटों थमा यातायात, एंबुलेंस भी फंसी





**इंदौर।** मध्य प्रदेश में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन करते हुए कई स्थानों पर चक्का जाम किया। इस दौरान इंदौर के राऊ स्थित आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दी, जिससे कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करीब तीन घंटे से अधिक समय तक हाईवे पर चक्काजाम जारी रखा। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने प्रदेश सरकार पर किसानों की लगातार उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिल रही है, गेहूं बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और स्लॉट बुकिंग व टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। विक्रांत भूरिया ने कहा कि सरकार किसानों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस इससे भी बड़ा आंदोलन करेगी। चक्काजाम के दौरान एक एंबुलेंस भी ट्रैफिक में फंस गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों ने मिलकर एंबुलेंस को जाम से बाहर निकलवाया। कांग्रेस के इस प्रदर्शन और चक्काजाम के चलते हाईवे पर लंबा यातायात जाम लगा रहा, जिससे आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# भोपाल नगर निगम का नवीन भवन बनेगा सुशासन का प्रतीक:सीएम

- कहा-भवन से नागरिकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी उपलब्ध

### मुख्यमंत्री यादव ने कहा-ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित है नवीन भवन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपालवासियों को भोपाल नगर निगम के नवीन मुख्यालय भवन की बधाई देते हुए कहा कि देश की क्लीन और ग्रीन कैपिटल, झीलों की नगरी भोपाल के नगर निगम का यह भवन सुशासन का प्रतीक बनेगा। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने जन सेवा को शासन का आधार माना था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल भवन सुलभ, सुव्यवस्थित और पारदर्शी सेवाओं का केंद्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर पालिक निगम के नवनिर्मित मुख्यालय अटल भवन के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भवन शहर में सुशासन, बेहतर नागरिक सुविधाओं और विकास के नए संकल्प का प्रतीक बनेगा।

**संदेश-भोपाल रहेगा स्वच्छता में नंबर-वन-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर पालिक निगम भोपाल के नवनिर्मित भवन में फीता खोलकर भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने भवन की शिलापट्टिका का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता शपथ पटल पर लिखा कि भोपाल स्वच्छता में रहेगा नंबर-वन। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर पालिक निगम द्वारा नीमच जिले के देवरी में लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से पीपीपी मोड पर विकसित की गई सौर ऊर्जा परियोजना का भी रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्रम् तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भवन लोकार्पण अवसर पर शहनाई वादन कर रहे श्री कल्लू भाई और उनके साथियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार रूपए प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

# एक ही मोहल्ले में 27 बच्चों को ब्लड कैंसर

- सांसद रोडमल नागर के खुलासे से हड़कंप, बोले-पंजाब की राह पर राजगढ़

**भोपाल।** राजगढ़ जिले में खानपान की चीजों में मिलावट और खेती में रसायनों के अंधाधुंध इस्तेमाल ने डरावनी शक्ल अख्तियार कर ली है। स्थानीय सांसद रोडमल नागर ने एक कार्यक्रम के दौरान जो आंकड़े पेश किए, उसने सबको चौंका दिया है। सांसद का दावा है कि उनके अपने निवास क्षेत्र (पचोर) की एक ही कॉलोनी में पिछले 3-4 सालों के भीतर 27 बच्चे ब्लड कैंसर जैसी घातक बीमारी की चपेट में आ गए हैं। सांसद नागर ने चेतावनी दी कि अगर मिलावट और केमिकल का यही हाल रहा, तो राजगढ़ जिला अगले 10 सालों में पंजाब बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब की जमीन को बर्बाद होने में 50 साल लगे, लेकिन हम जिस रफ्तार से यूरिया और कीटनाशक डाल रहे हैं, हमारी जमीन 10 साल में ही बंजर हो जाएगी।



# दोषियों को फांसी नहीं, उम्रकैद मिले

- बेटे चंद्रनाथ की हत्या पर छलका मां का दर्द

### भाई ने कहा- किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी





**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा के बीच बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी और उनके पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या को लेकर राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। अब इस मामले में चंद्रनाथ रथ की मां हासिरानी रथ का दर्द छलक पड़ा है। उन्होंने अपने बेटे की हत्या के लिए सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं और दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। चंद्रनाथ के भाई देव कुमार ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुशमनी नहीं थी। उत्तर 24 परगना के चांदीपुर में मीडिया से बात करते हुए हासिरानी रथ ने कहा,मैं चाहती हूं कि दोषियों को सजा मिले। मैं एक मां हूं, इसलिए मैं नहीं चाहती कि उन्हें फांसी हो। लेकिन मैं चाहती हूं कि उन्हें आजीवन कारावास मिले।

### 'चंद्रनाथ की किसी से कोई दुश्मनी नही थी'

चंद्रनाथ के भाई देव कुमार ने कहा, कल वह हमारे साथ बैठा था और हमसे बातचीत कर रहा था। दोपहर 2 बजे के बाद वह कोलकाता के लिए निकला था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। गौर करने वाली बात है कि बुधवार देर रात मध्यमग्राम के दोहरिया इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने चंद्रनाथ रथ की गाड़ी को रोककर उन पर गोलीबारी की थी। इस हमले में उनके सुरक्षाकर्मी बुद्धदेव भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मामले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की एक हाई-लेवल एसआईटी गठित करने का फैसला किया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और नमूने एकत्र किए।

अधिकारी ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि हत्या पूर्व नियोजित थी। जांचकर्ता घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस के कई दल गठित किए गए हैं।

### गोलाबारी करने के बाद फरार हुए हमलावर

जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने रथ की कार को रात करीब साढ़े 10 बजे डोलतला और मध्यमग्राम चौमाथा के बीच दोहरिया के पास रोका और वे गोलीबारी करने के बाद फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा, विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। हम कई सुरागों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि हमलावरों ने रथ के वाहन को समन्वित तरीके से रोका और फिर नजदीक से कई गोलियां चलाईं। जांचकर्ताओं को संदेह है कि रथ के वाहन को पहले दोहरिया चौराहे के पास एक छोटे चारपहिया वाहन से रोका गया जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार हमलावरों में से एक ने रथ की कार पर गोली चलाई। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिद्धनाथ गुप्ता ने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा, रथ की कार को कथित तौर पर रोकने वाले एक संदिग्ध वाहन को जब्त किया गया है। हालांकि, उस पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई।

## शिवपुरीः आधी रात को गांव की गलियों में पहुंचे कलेक्टर

# मौके पर ही निपटाईं ग्रामीणों की मुश्किलें

शिवपुरीः प्रशासन जब जनता के द्वार पहुंचता है, तो न केवल व्यवस्थाएं सुधरती हैं बल्कि लोगों का तंत्र पर भरोसा भी गहरा होता है। कुछ ऐसा ही नजारा शिवपुरी की ग्राम पंचायत एसवाया के अहेरा और मुड़खेड़ा गांव में देखने को मिला। 7 मई की रात, कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अधिकारियों की टीम के साथ रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया।

### ग्राउंड जीरो पर योजनाओं की पड़ताल

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने किसी दफ्तर की औपचारिकता के बजाय सीधे जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने पानी, बिजली, सड़क, राशन और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की हकीकत जानी। ग्रामीणों ने भी बिना किसी झिझक के अपनी शिकायतें और सुझाव अधिकारियों के सामने रखे।

### समस्या सुनी और तुरंत एक्शन लिया

इस दौरे की सबसे खास बात कलेक्टर का 'ऑन द स्पॉट' निर्णय लेने का अंदाज रहाः



रात में ही देखा निर्माण स्थलः जब एक ग्रामीण ने अपने क्षेत्र में खरंजा (ईंटों की सड़क) न होने की शिकायत की, तो कलेक्टर ने तत्काल उससे पूछा, "क्या अभी मुझे वह जगह दिखा सकते हो?" रात के अंधेरे में ही वे उस स्थल का मुआयना करने पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

लापरवाह समूह पर गिरी गाजः मुड़खेड़ा की आंगनवाड़ी में भोजन वितरण में अनियमितता और समय की पाबंदी न होने की शिकायत मिलने पर, उन्होंने भोजन बांटने वाले समूह को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए।

### शिक्षा और भविष्य पर चर्चा

**अधिकारियों ने केवल प्रशासनिक चर्चा ही नहीं की, बल्कि गांव के बच्चों से भी आत्मीयता से बात की। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया। "प्रशासन का यह संवेदनशील चेहरा किसी फिल्मी दृश्य जैसा था, जहां फाइलें आगे बढ़ाने के बजाय मौके पर ही समाधान को प्राथमिकता दी गई।" इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विजय राज और एसडीएम अनुपम शर्मा भी मौजूद रहे।**

## नर्सिंग जगत में अटूट प्रेम और एकता की नई मिसालः नर्सिंग नेता शिवराज सिंह राजपूत और नर्सिंग ऑफिसर संस्कृति सोनी परिणय सूत्र में बंधे



शिवपुरी(मध्य प्रदेश) : मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित नर्सिंग नेता और 'वॉइस ऑफ नर्सेस' (VON) एसोसिएशन के प्रदेश प्रतिनिधि श्री शिवराज सिंह राजपूत ने अपने ही कैडर की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती संस्कृति सोनी के साथ विवाह कर नर्सिंग समुदाय के समक्ष प्रेम, सम्मान और अटूट एकता का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है।

यह विवाह पूरी तरह से वैदिक सनातन रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। एक नर्सिंग हितैषी नेता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले शिवराज सिंह राजपूत ने अपने ही विभाग और कैडर की सहकर्मी को जीवनसंगिनी चुनकर यह संदेश दिया है कि उनका समर्पण न केवल पेशेवर स्तर पर है, बल्कि वे व्यक्तिगत जीवन में भी अपने नर्सिंग परिवार को सर्वोच्च प्राथमिकता और सम्मान देते हैं।

### समर्पण और सम्मान का प्रतीकः

नर्सिंग समुदाय के सदस्यों का कहना है कि शिवराज सिंह जी का यह निर्णय उनके 'नर्सिंग कैडर' के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। एक सच्चे नेता वही होता है जो अपने साथियों के मान-सम्मान को बढ़ाए, और इस प्रेम विवाह के माध्यम से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि वे नर्सिंग हितों के लिए न केवल सड़कों पर लड़ते हैं, बल्कि दिल से भी इस पेशे और इससे जुड़े लोगों का सम्मान करते हैं।

### नर्सिंग जगत में हर्ष की लहरः

'वॉइस ऑफ नर्सेस' के सदस्यों और पूरे प्रदेश के नर्सिंग अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़े को ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर भी नर्सिंग समुदाय इस विवाह को "कैडर की एकता और गौरव" के रूप में देख रहा है। इस अवसर पर शिवराज सिंह राजपूत ने कहा कि वे भविष्य में भी नर्सिंग समाज की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी इस नई ऊर्जा के साथ सदैव तत्पर रहेंगे।

# नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

## चंदननगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदननगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 15.87 ग्राम अवैध



एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल राठौर पिता मदन राठौर (26) निवासी हैदर नगर, हातोद, जिला इंदौर को आईटी पार्क धार रोड ग्रीड के पास से पकड़ा गया। पुलिस टीम हॉट स्पॉट और शेडो एरिया में संदिग्धों की तलाश कर रही थी, तभी आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं नशे का आदी है और जल्दी पैसे कमाने व कर्जा चुकाने के लिए एमडी ड्रग्स की सप्लाई करता था। आरोपी राजस्थान से कम दामों में ड्रग्स खरीदकर इंदौर में महंगे दामों में बेचता था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना चंदननगर में अपराध क्रमांक 583/26 के तहत धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी से रिमांड लेकर ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, डीसीपी जोन-4 एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उनि सौरभ कुशवाह, उनि नरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक बलराम चौहान, जितेंद्र सोलंकी, आरक्षक अनिल मकवाना और धीरज पांडे की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री यादव ने आरकेएमपी स्टेशन से दिखाई हरी झंडी

# 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' राजधानी भोपाल से रवाना



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल में बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी के पीए को गोली मारने की घटना की निंदा करते हुए गुरुवार को कहा कि चुनाव में हार-जीत चलती रहती है। केवल चुनाव हार जाने के कारण हिंसा पर उतर आना गलत है। जनता ने इसी वजह से आपको घर बैठाया है। राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इसके पहले मुख्यमंत्री ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-एक से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' को रवाना किया। पहली बार आयोजित की जा रही इस यात्रा में 1100 श्रद्धालु जा रहे हैं। संस्कृति विभाग यह गौरवशाली यात्रा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत निकाल रहा है। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वरम शर्मा, भगवान दास सबनानी, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर देश के दुश्मनों को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत की ओर कोई भी विदेशी ताकत बुरी नजर डालेगी, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। यह नया भारत है, जो अपने दुश्मनों से निपटना अच्छी तरह जानता है। हाल ही में हुए हमले का भी देश ने मजबूती से जवाब दिया है।

**सुविधाएं बढ़ीं तो बढ़ गए श्रद्धालु-** मुख्यमंत्री ने उज्जैन में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या का जिक्र करते हुए कहा कि देवलोक बनने से बदल जाती है अर्थव्यवस्था। उन्होंने कहा 2022 से पहले उज्जैन में रोजाना सिर्फ 25 से 30 हजार श्रद्धालु आते थे, लेकिन अब प्रतिदिन डेढ़ लाख से ज्यादा लोग बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सोमनाथ मंदिर पर इतिहास में 17 बार आक्रमण हुए, लेकिन आज भी हजार साल बाद सोमनाथ मंदिर पूरी भव्यता के साथ खड़ा है और आस्था का प्रतीक बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश सरकार निरंतर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हमने राज्य में हेली सेवा प्रारंभ की, जिससे धार्मिक स्थलों तक पहुंच और अधिक सरल हुई है। इसी क्रम में अब रेलवे के माध्यम से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 2026' की शुरुआत की गई है। हमारी सरकार सनातन संस्कृति के संरक्षण और उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी भगवान सोमनाथ का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। आज दुनिया अलग दौर में पहुंच चुकी है, लेकिन भारतीय संस्कृति हमेशा 'जियो और जीने दो' का संदेश देती है। यह पूरी मानवता के कल्याण की संस्कृति है। महादेव के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और वैभव बना रहे। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान भगवान की भक्ति का पूरा आनंद लें और सत्संग में भी हिस्सा लें। इसलिए निकाली जा रही यात्रा भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 (8 से 11 जनवरी 2026) का शुभारंभ ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर से किया गया। इसमें प्रदेश के लोग भी शामिल हो रहे हैं। यह पहली यात्रा प्रदेश से पहली बार निकलने वाली इस विशेष यात्रा में विभिन्न अंचलों से 1100 श्रद्धालुओं का दल शामिल हैं। यह ट्रेन भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशनों से भी तीर्थयात्रियों को अपने साथ लेकर सोमनाथ जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ की पावन धरा पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दर्शन और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे।

# आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रूप से प्रयास करें

### मध्यप्रदेश सरकार समग्र विकास के लिए संकल्पित, जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**भोपाल।** आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रूप से प्रयास करें, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण करें। मध्यप्रदेश सरकार समग्र विकास के लिए संकल्पित है। सागर रिंग रोड, बायपास का कार्य शीघ्रता से करें, साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू करें। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।




उप मुख्यमंत्री मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि सागर को आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रूप से कार्य करें। स्मार्ट सिटी के माध्यम से सागर में अन्य शहरों की अपेक्षा बहुत अच्छे कार्य हुए है। जिससे सागर अपनी नयी पहचान बनाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि सागर शहर को जोड़ने वाले रिंग रोड एवं भोपाल, जबलपुर, नरसिंहपुर को जोड़ने वाले वाईपास का कार्य शीघ्र गति से पूरा करें जिससे जिलेवासियों के साथ अन्य व्यक्तियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बीना रिफाईनरी के परिक्षेत्र में सड़कों का निरीक्षण करें एवं मरम्मत के लिए डीपीआर तैयार कराएं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सड़क के प्रस्ताव विधानसभावार तैयार कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की स्वीकृति भूमिपूजन, लोकार्पण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से सागर में विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में बहुत अच्छे कार्य हुए हैं जिसके माध्यम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सागर नगर की ट्राफिक व्यवस्था सुधारने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग का कार्य एवं राजघाट चौराहे से धर्मतक सड़कों से खंभे हटाने का कार्य शीघ्र गति से करें।

विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ब्लड बैंक की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल द्वारा जिला चिकित्सालय से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज को ब्लड बैंक हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए एवं ब्लड बैंक को अत्यधिक सर्व सुविधायुक्त बनाने के साथ ही ब्लड बैंक की प्रारंभ में 2000 यूनिट और भविष्य में 5000 यूनिट तक बढ़ाने के संबंध में कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि संभाग वासियों के हित के दृष्टिगत इस ब्लड बैंक में अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे ए एन टी टेस्टिंग, प्लाजमा थेरेपी, सिंगल डोनर आदि सभी प्रकार के कार्य किये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्टोर क्षमता बढ़ने से आवश्यकता वाले व्यक्तियों को आसानी से ब्लड मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं जहां 1500 से 2000 यूनिट रक्त एकत्रित होता है जिसको जिले से अन्यत्र भी भेजा जाता है जिससे जिलेवासियों को पूरा लाभ नहीं मिल पाता, क्षमता बढ़ने से जिलेवासियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

विधायक शैलेन्द्र जैन ने लेहदरा नाका से बेरखेड़ी गुरु तक प्रस्तावित बाईपास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने धर्मसे भोपाल रोड तक प्रस्तावित धर्मबाईपास के लिए भूमि अधिग्रहण का विषय प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि अधिकांश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के शेष निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्हें समयसीमा में पूर्ण कराने पर जोर दिया। फर्नीचर क्लस्टर की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान सागर में हुए एमओयू की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने सागर के उत्कृष्ट विद्यालय का नाम शहीद प्रदीप लारिया के नाम पर रखने तथा विद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग भी की।

# हिंदू कैदी पर आया मुस्लिम लेडी जेल अफसर का दिल

### उम्रकैद की सजा के बाद की शादी, विश्व हिंदू परिषद के नेता ने किया कन्यादान

**भोपाल।** सतना सेंट्रल जेल की सहायक अधीक्षक फिरोजा खातून ने हत्या के मामले में सजा काट चुके धर्मेंद्र (अभिलाष) नाम के युवक से हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। 5 मई को छतरपुर जिले के लवकुश नगर में हुए इस विवाह की पूरे इलाके में चर्चा है। अभिलाष उम्रकैद की सजा काट चुका है और करीब 4 साल पहले जेल से रिहा हुआ था। बताया जा रहा है कि फिरोजा के मुस्लिम परिजन इस रिश्ते से नाराज थे। वे शादी में शामिल नहीं हुए। ऐसे में सतना विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजबहादुर मिश्रा ने सपत्नीक माता-पिता के रूप में कन्यादान कराया। इस दौरान बजरंग दल के लोग भी मौजूद थे।

**जेल में वारंट के काम के दौरान हुई थी मुलाकात-** जानकारी के मुताबिक, सतना जेल में पदस्थापना के दौरान फिरोजा खातून वारंट इंचार्ज का काम संभाल रही थीं। उसी दौरान हत्या के मामले में सजा काट रहा अभिलाष भी जेल के भीतर वारंट संबंधी काम करता था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे दोस्ती और फिर प्रेम संबंध में बदल गई। अभिलाष के जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला लिया।

### 2007 के चर्चित हत्याकांड में मिली थी उम्रकैद

अभिलाष छतरपुर जिले के चंदला का रहने वाला है। वर्ष 2007 में चंदला नगर परिषद के तत्कालीन उपाध्यक्ष कृष्णदत्त दीक्षित की हत्या कर शव जमीन में दफनाने के मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। करीब 14 साल जेल में रहने के बाद अच्छे आचरण के आधार पर उसे रिहा कर दिया गया था।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ विवाह

लवकुश नगर में दोनों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। शादी की खबर सामने आने के बाद सतना जेल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैदियों ने भी नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। यह शादी इलाके में प्रेम, सामाजिक बंधनों और धर्म से ऊपर उठकर लिए गए फैसले को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है।

# अपूर्णता के भाव की समाप्ति ही ईश्वर का सामीप्य है



ईश्वर प्रदत्त इस प्रकृति व मानव मात्र के जीवन को सुंदर बनाना ईश्वर का ही कार्य है, क्योंकि जिस चीज को ईश्वर ने ही निर्मित किया है उसमें बदलाव लाना हमारे हाथ में नहीं। फिर यह कैसे और क्यों कहा जाता है कि जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। यह तो पहले से ही सुंदर है क्योंकि ईश्वर अपनी हर रचना को जैसी जरुरत है वैसी ही सुंदरता से निर्मित करता है। बस हम मानव की दृष्टि उस सुंदरता को देख नहीं पा रही है क्योंकि हम ऊपरी सुंदरता देखते हैं आंखों से। आंतरिक सौंदर्य जो आत्मिक सौंदर्य है उसे देखने के लिए गहन ध्यान से आत्मा को जागृत करना होगा, तभी हम सृष्टि की कृतियों का आनंद ले सकते हैं। हम सृष्टि के निर्माता को जिस भी नाम से पुकारें, भगवान कहें, अल्लाह कहें, गॉड कहें, प्रकृति कहें या अन्य किसी नाम से जाने, उसने सृष्टि को इसी तरह से बनाया है कि उसमें कोई भी कमी है ही नहीं। वह अपने आप में परिपूर्ण है। अपने आप में सुंदर है।

21 दिसम्बर 1986 के एक प्रवचन में श्री माताजी कहती हैं, 'परमात्मा ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना किसलिए की है?, यह एक प्रश्न हजारों वर्षों से पूछा गया है। इसका कारण समझना अत्यंत सरल है। जिस सुन्दरता की रचना की जाती है, वह सुन्दरता स्वयं अपने आप को नहीं देख सकती। ठीक इसी तरह, परमात्मा, जो कि स्वयं सुंदरता का स्त्रोत हैं, वह परमात्मा अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं देख सकते, जैसे एक मोती अपनी सुंदरता देखने के लिए अपने अंदर प्रवेश नहीं कर सकता, जैसे आकाश अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं समझ सकता। सितारे अपनी सुंदरता को नहीं देख सकते। सूर्य अपनी चमक को नहीं निहार सकता। इसी तरह से, सर्वशक्तिमान परमात्मा भी अपने स्वंय के अस्तित्व को नहीं देख सकते। उस परमात्मा को एक दर्पण की जरूरत होती है। और यही कारण है कि उस परमात्मा ने इस सुन्दर सृजन की रचना अपने लिए एक दर्पण के रूप में की है।'' यानि जैसे हम स्वंय में सौंदर्य तलाशते हैं वैसे ही ईश्वर भी हममें स्वयं के सौंदर्य को तलाशते हैं। इसीलिए हमारी सभी आवश्यकताओं को प्रकृति पूरा करती है। जितनी भी असंगति या बुराई हम देखते हैं या उत्पन्न होती रहती हैं, वे सभी हमारे ही द्वारा बनाई गई हैं । साथ ही, हमारा मस्तिष्क इस रूप में विकसित हो जाता है कि वह हमेशा भविष्य को देखता है। हमारे मस्तिष्क के हमेशा ही भविष्य में ही दौड़ते रहने के कारण हमारे अंतर को हमेशा एक अपूर्णता की भावना घेरे रहती है। आधुनिक जीवन के तरीकों ने, भौतिकवादिता ने मनुष्यता पर बहुत नकारात्मक प्रभाव डाले हैं, अपूर्णता के एहसास ने इस भावना को और गहरा कर दिया है। साथ ही, यह गलत विश्वास भी दिलाया है कि इस अपूर्णता को पूर्ण करने के लिए आपको अधिक धन कमाना होगा, अधिक भौतिक वस्तुओं का अर्जन करना होगा।

यदि आप जीवन की सुंदरता को देखना चाहते हैं तो, थोड़े दिनों के लिए, केवल कुछ सप्ताह के लिए एक प्रयोग करके देख सकते हैं। अपने मन पर, अपने विचारों पर नजर रखने की कला, और जब भी मन भविष्य की ओर भागे तो उसे रोकने की कला सीखते हैं। एक ऐसी विधि जब हम स्वयं से कहने लगेंगे कि मैं पूर्ण हूं, मेरे जीवन में कोई भी कमी नहीं है, मैं खुश हूं, मुझे और किसी भी भौतिक वस्तु की तलाश नहीं है। कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो मुझे पूर्ण कर सकती है, क्योंकि मैं स्वयं ही पूर्ण हूँ। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 प्राप्त कर सकते हैं।

## देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण चोइथराम मंडी में रिक्शा चालकों ने लगाया मारपीट का आरोप, कुछ देर बना तनाव का माहौल



खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। देवी अहिल्या बाई होल्कर फल एवं सब्जी मंडी (चोइथराम मंडी) में शुक्रवार सुबह रिक्शा चालकों और मंडी कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। घटना के बाद मंडी परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई और रिक्शा चालकों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, 7 मई 2026 को सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के बीच मंडी परिसर में पेट्रोलिंग के दौरान मंडी कर्मचारी अंतर सिंह सिसोदिया एवं संजय यादव पर सवारी रिक्शा चालक विशाल चौहान और उसके साथियों के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने के आरोप लगे। घटना के बाद बड़ी संख्या में रिक्शा चालक मंडी परिसर में एकत्रित हो गए, जिससे कुछ देर के लिए चक्का जाम जैसे हालात बन गए। मामले की सूचना मिलने पर बलाई समाज के प्रदेश महामंत्री संतोष अलोन भी मंडी पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को रिक्शा चालकों द्वारा फोन कर मंडी कर्मचारियों पर मारपीट के आरोप लगाए गए थे। इसके बाद समाज के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मंडी सचिव से संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की।

वहीं मंडी सचिव ओ.पी. खेड़े ने बताया कि मामले की शिकायत मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारियों को हटा दिया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दिन पूर्व रिक्शा चालक नितिन लोधी द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसकी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है। चोइथराम मंडी व्यापारी संघ के ओम प्रकाश परीड़वाल ने कहा कि मंडी परिसर में सवारी रिक्शाओं के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। हालांकि उन्होंने मंडी सचिव ओ.पी. खेड़े की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि मंडी की किसी भी समस्या पर वे स्वयं मौके पर पहुंचकर लोगों की बात सुनते हैं। फिलहाल पुलिस और मंडी प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

## सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था की दिशा में निगम प्रशासन की पहल




### जिला न्यायालय, पुलिस ग्राउंड, जिला जेल एवं झिंझरी बस स्टैंड चौराहे पर रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग कार्य पूर्ण

कटनी । विगत दिवस निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर निरीक्षण के दौरान दिये गए निर्देशों के परिपालन में शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त चौराहे पर रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिला न्यायालय, पुलिस ग्राउंड, जिला जेल तथा झिंझरी बस स्टैंड चौराहे पर रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नागरिकों को सुव्यवस्थित यातायात मुहैया कराने हेतु नगर के अन्य यातायात थाना, बिलहरी मोड़ उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों ने भी पीली एवं सफेद पट्टी खिचवाकर रोड मार्किंग का कार्य कराया जायेगा। योगेश पवार सिटी ट्रांसपोर्ट मैनेजर नगर निगम ने बताया कि यह कार्य नागरिकों, विशेष रूप से पैदल राहगीरों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे सड़क पार करने में सुविधा एवं यातायात संचालन में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। रोड मार्किंग के माध्यम से वाहन चालकों को निर्धारित लेन में वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया जाएगा, वहीं जेब्रा क्रॉसिंग से पैदल यात्रियों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो होगा।

निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्य चरणबद्ध रूप से किए जा रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था अधिक अनुशासित एवं व्यवस्थित बनेगी। नगर निगम ने नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें तथा रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करते हुए सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

# जयपुर में आयोजित होगा रॉयल राजस्थान आइकॉनिक्स अवार्ड, ज्योत्सना चौहान होंगी सम्मानित

जयपुर। जीवन जागृति फाउंडेशन द्वारा आगामी 30 मई 2026 को जयपुर स्थित होटल रामादा Raja पार्क में "रॉयल राजस्थान आइकॉनिक्स अवार्ड" का भव्य आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की मालवीय नगर शाखा स्थित नारी शक्ति ब्रांच की हेड ज्योत्स्ना चौहान को महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए "रॉयल राजस्थान इकनॉमिक अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर सामाजिक एवं बैंकिंग क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



# केडीसी कॉलेज में हुआ नव अधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

## जिला स्तरीय व्याख्यान माला में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने व्यक्त किये विचार

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी। केडीसी कॉलेज के रेडफोर्ट कैंपस, कटनी में जिला स्तरीय व्याख्यानमाला एवं नव अधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्तागण, युवा अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आशीष त्रिवेदी रहे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश बार काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, बार एसोसिएशन के प्रदेश सचिव श्री योगेश सोनी एवं इनकम टैक्स संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री एस.एस. ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एसडी चतुर्वेदी एवं आरके पाठक उपस्थित रहे। संस्थान प्रमुख शिक्षारत्न डॉ. पारस जैन द्वारा युवा अधिवक्ताओं एवं छात्रों उच्च भविष्य निर्माण हेतु शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम में जबलपुर एवं कटनी जिले के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का संयोजन एडवोकेट अजय वीरभद्र माली, नीतेश तिवारी,आयुष अवस्थी,आशीष मौर्य, राज दुबे, नमन तिवारी, विकाश यादव एवं युवा अधिवक्ताओ द्वारा किया गया।

इस अवसर पर "सुदृढ़ न्याय व्यवस्था – सुदृढ़ वैश्विक शांति" विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने, अधिवक्ताओं की भूमिका एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान नव अधिवक्ताओं एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान कर न्याय क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, सत्यनिष्ठा, समर्पण एवं समाज सेवा के प्रति सराहना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने युवा अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें न्याय एवं संविधान की गरिमा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रेखा अंजू तिवारी एवं केडीसी रजिस्ट्रार रोशनी बिलैया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समापन में एडवोकेट अजय वीरभद्र माली द्वारा कार्यक्रम में पधारे वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एडवोकेट दीपक तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रविंद्र जायसवाल, एड प्रमोद तिवारी , एड. हरीश नारंग, एड. अपूर्व त्रिवेदी, एड. राकेश श्रीवास्तव, एड. दीपक तिवारी, एड. विवेक शुक्ला, एड. शुभम अग्रवाल, एड. प्रशांत सिरमोलिया, एड. सौरभ दुबे, एड. अनुपम जैन, एड. अभय उपाध्याय , एड. वेदांत शुक्ला, एड. हर्ष सोनी, एड. आदित्य नावेरिया, एड. विकास यादव, एड. कुलदीप पांडेय , एड. महेश्वरी विश्वकर्मा, एड. बुशरा अमीन, एड. दीपक तिवारी, एड. प्रिंस बाल्मीक, एड. शुभम गुप्ता, एड. नीतेश तिवारी, एड. आयुष अवस्थी, एड. दीपक चतुर्वेदी, एड. विश्वजीत सिंह, एड. कमलापति तिवारी, एड. शिवजतिन तिवारी, एड. आशीष कुमार मौर्य, एड. पूरम रैदास, एड. मोहम्मद आमिर, एड. साहिल श्रीवास्तव, एड. विवेक कुमार जैन, एड. संदीप कारपेन्टर, एड. अंशुल पटेल, एड. नमन तिवारी, एड. अंशुल सिंह ठाकुर, एड. सुलभ जैन, एड. सुनील कुमार उपाध्याय, एड. सत्येन्द्र शुक्ला, एड. नानक द्विवेदी, एड. आदर्श बडगैंया, एड. निगार सुल्ताना, एड. मोनू साहू, एड. पूनम रैदास, एड. निकहत नाज की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

# नवविवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति और सास सलाखों के पीछे

बामौरकलां/शिवपुरी | सहयोगी जनता - सक्रिय पुलिस - सुरक्षित समाज शिवपुरी पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बामौरकलां थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नवविवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


घटना का संक्षिप्त विवरण- बीती 12 फरवरी 2026 को ग्राम निवौदा निवासी राखी कुशवाह (पत्नी रामकुमार कुशवाह) ने घरेलू प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ गटक लिया था। उपचार के दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में उनकी मृत्यु हो गई थी। चूंकि मामला नवविवाहिता की मृत्यु से जुड़ा था, इसलिए एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा द्वारा इसकी सूक्ष्म जांच की गई।

जांच में हुआ खुलासा- एसडीओपी की जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतिका राखी को उसके पति रामकुमार कुशवाह और सास विन्नीबाई कुशवाह द्वारा शादी के बाद से ही घरेलू कामकाज एवं अन्य कारणों को लेकर लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर राखी ने आत्मघाती कदम उठाया। जांच के आधार पर थाना बामौरकलां में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 57/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 एवं 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय लोधी के नेतृत्व में गठित टीम ने आज दिनांक 07 मई को तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया: रामकुमार कुशवाह (25 वर्ष) - पति विन्नी बाई (59 वर्ष) - सास दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय खनियाधाना के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से विद्वान न्यायाधीश के आदेशानुसार उन्हें जेल भेज दिया गया है। टीम की सराहनीय भूमिका इस सफल कार्रवाई में निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही: संजय लोधी (थाना प्रभारी बामौरकलां) सउनि दिनेश पाण्डेय एवं सउनि संदीप कुमार कुजूर प्र.आर. दिनेश प्रताप सिंह आरक्षक बलराम अहिरवार एवं राहुल लोधी



# हजरत चांद शाह वली गुलाब शाह वली उर्स आगाज



**सलीम हुसैन**

पश्चिम मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचल झाबुआ जिले में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत चांद शाह वली गुलाब शाह वली रहमतुल्लाह का उर्स का आगाज चादर जुलुश के साथ हुआ जुलुश हुसैनी चौक से आरंभ हुआ।

जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ आस्थाने पर बैंड बाजे के साथ पहुंचा जहां पर काफी तादाद में लोगों ने जुलूस में शिरकत की आज ही से ही तीन दिन तक प्रोग्राम का आयोजन होगा जिसमें प्रथम रात्रि 7 मई को 9:00 से 11 के बीच तकरीर धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा वही 8 मई को कव्वालियों का प्रोग्राम होगा जिसमें कव्वालो असद निशाद मेरड उत्तर प्रदेश एवं छोटा चांद कादरी कव्वाल पार्टी मुंबई महाराष्ट्र द्वारा अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को अपना कलाम सुनायगे। वहीं 9 मई को रंग ए महफिल होगी जो कि करीब सुबह से लेकर 4:30 बजे शाम तक इसका आयोजन होगा इसके बाद लंगरे आम कर उर्स का समापन किया जाएगा।

इंस्टाग्राम की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त:

# कहा- उपयोगकर्ताओं की निजता से नहीं होगा समझौता, केवल शासन को देंगे जानकारी




इंदौर। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से जुड़े डेटा गोपनीयता मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान कंपनी ने स्पष्ट किया कि वह अपने उपयोगकर्ताओं की निजता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कंपनी ने अदालत को बताया कि किसी भी व्यक्ति की निजी जानकारी बिना कानूनी प्रक्रिया के साझा नहीं की जाएगी और केवल शासन अथवा अधिकृत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ही आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डेटा सुरक्षा और निजता के अधिकार को लेकर दायर जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपयोगकर्ताओं की निजी जानकारी के दुरुपयोग और डेटा लीक की आशंका लगातार बढ़ रही है, जिससे नागरिकों की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया कंपनियों से स्पष्ट जवाब मांगा था कि वे उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रही हैं। इसके जवाब में इंस्टाग्राम ने अदालत को भरोसा दिलाया कि कंपनी किसी निजी संस्था या अनधिकृत एजेंसी के साथ उपयोगकर्ताओं का डेटा साझा नहीं करती और सभी प्रक्रियाएं कानून के दायरे में ही संचालित होती हैं। अदालत ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि डेटा सुरक्षा और निजता से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। हाई कोर्ट ने संकेत दिए कि भविष्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही और डेटा संरक्षण संबंधी नियमों पर विस्तृत सुनवाई की जा सकती है।

**मामले की प्रमुख बातें**

- इंस्टाग्राम ने उपयोगकर्ताओं की निजता सुरक्षित रखने का भरोसा दिया।
- केवल शासन और अधिकृत एजेंसियों को ही जानकारी देने की बात कही।
- डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर हाई कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई।
- भविष्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही पर विस्तृत सुनवाई संभव।

# प्रवास हमारी कार्य पद्धति का अभिन्न अंग - सुमित मिश्रा




- **मेरा बूथ - सबसे मजबूत हमारी सफलता का आधार- मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड**
- **प्रवास, संपर्क और संवाद से संगठन को और अधिक सशक्त बनाए कार्यकर्ता - गोपीकृष्ण नेमा**
- **भाजपा मंडल की कामकाजी बैठकें सम्पन्न**
- **लक्ष्मण सिंह गौड मंडल में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, शहीद भगतसिंह मंडल में विधायक मालिनी गौड, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा ने मार्गदर्शन दिया**

इंदौर। भाजपा इंदौर नगर के मंडलों की कामकाजी बैठकें सम्पन्न हुई। लक्ष्मणसिंह गौड मंडल में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, नगर मंत्री इंदु श्रीवास्तव, शहीद भगतसिंह मंडल में विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, महामंत्री महेश कुकरेजा, मीडिया प्रभारी वरुण पाल विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र शेंडगे की उपस्थिति में कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि आज भाजपा वटवृक्ष के रूप में स्थापित है, इसके पीछे हमारे कार्यकर्ताओं का समर्पण भाव है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हमारा जनाधार बढ़ रहा है। कार्यकर्ता जब बूथ पर पसीना बहाता हैं, तो कमल खिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी कार्यपद्धति हमें दूसरे दलों से भिन्न बनाती है। प्रवास हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग है, हमारे महापुरुषों ने विपरीत परिस्थितियों में निरंतर प्रवास करके संगठन को खड़ा करने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी ने इस कार्य संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय से लेकर बूथ टोली को निरंतर सक्रिय बनाने के लिए नियमित बैठकों का क्रम प्रारंभ किया है। जिसमें प्रत्येक माह 1 से 7 तारीख तक मंडलों की बैठकें करना अनिवार्य है। शक्ति केन्द्रों और बूथों की समीक्षा करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता लगातार बूथों पर प्रवास करें।

विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड ने कहा कि हम राजनैतिक दल के कार्यकर्ता हैं, राजनैतिक दल के कार्यकर्ता होने के नाते अपने अपने बूथों पर प्रवास और समीक्षा करना हमारा दायित्व है। आज पश्चिम बंगाल की एतिहासिक जीत में बूथ के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है, इसलिए कार्यकर्ता मेरा बूथ - सबसे मजबूत के मूलमंत्र के साथ बूथों को मजबूत करने में जुट जाए।

# धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर खाद्य विभाग की कार्रवाई, बिना लाइसेंस संचालित हो रहा था कुल्फी निर्माण

इंदौर। खाद्य सुरक्षा विभाग की औचक निरीक्षण टीम ने धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर कार्रवाई करते हुए परिसर में अनियमितताएं पाए जाने पर खाद्य कारोबार बंद करा दिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर फर्म के प्रोपराइटर विष्णु सुथार प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए मिले। जांच के दौरान परिसर में कुल्फी निर्माण का कार्य होता पाया गया। वहीं परिसर में बने एक कोल्ड रूम में विभिन्न फ्लेवर की बॉम्बे चौपाटी ब्रांड की आइसक्रीम (फ्रोजन डेज़र्ट) विक्रय के लिए संग्रहित मिली। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रोपराइटर द्वारा पुराने पते का पंजीयन दिखाया गया, जो केवल स्टोरेज के लिए मान्य था। जबकि वर्तमान पते पर स्टोरेज के साथ-साथ ट्रेडिंग और निर्माण कार्य भी किया जा रहा था, जिसके लिए कोई वैध पंजीयन उपलब्ध नहीं पाया गया।



टीम को मौके पर कई गंभीर लापरवाहियां भी मिलीं। फूड हैंडलर्स बिना कैप, एप्रन और ग्लव्स के कार्य करते पाए गए। निर्माण स्थल पर गंदगी मिली तथा फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं थे। निरीक्षण के दौरान कुल्फी के सांचे फर्श पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा कुल्फी निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल का भंडारण भी खुले और अव्यवस्थित तरीके से किया गया था। खाद्य विभाग ने अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ निर्माण को गंभीर मानते हुए मौके से कुल्फी और फ्रोजन डेज़र्ट सहित कुल 7 नमूने जांच के लिए लिए हैं।

विभाग द्वारा बिना वैध खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन के कारोबार संचालित किए जाने पर प्रथम दृष्टया प्रकरण तैयार कर लिया गया है। साथ ही आगामी आदेश तक वैध पंजीयन या लाइसेंस प्राप्त होने और खाद्य निर्माण के लिए उपयुक्त परिस्थितियां सुनिश्चित होने तक परिसर में खाद्य कारोबार बंद करा दिया गया है।

# निगम ने चंदन नगर से नंदन नगर होते हुए नगीन नगर तक की सड़क को 60 फीट चौड़ा कराने की कवायद की, अभी प्रथम चरण का तर्क, यानी दूसरे चरण में फिर टूटेंगे मकान-दुकान

- **धारा 23 में उपांतरण प्रक्रिया पश्चात ही मास्टर प्लान रोड की चौड़ाई घटाई या बढ़ाई जा सकती है**
- **बिना गजट नोटिफिकेशन के अलाइनमेंट भी नहीं बदल सकते**

इंदौर। अभी नगर निगम के जनप्रतिनिधियों द्वारा मनमाने तरीके से मास्टर प्लान की सड़कों की चौड़ाई घटाने का निर्णय ले लिया, जबकि कानूनी हकीकत यह है कि मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 23 की उपधारा के प्रावधानों के तहत ही उपांतरण की प्रक्रिया अनिवार्य है और उसके बाद ही मास्टर प्लान रोड की चौड़ाई घटाई या बढ़ाई जा सकती है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही नगर निगम ने इसी धारा 23 का इस्तेमाल करवाते हुए शासन से चंदन नगर से नंदन नगर होते हुए नगीन नगर की सड़क को 60 फीट चौड़ा करवाया और उस आधार पर 350 बाधक मकानों को तोड़ने का निर्णय भी लिया और महापौर ने मास्टर प्लान में इस 42वीं सड़क को शामिल करने को गेम चेंजर भी बताया। अब वही महापौर सड़कों की चौड़ाई घटाने पर सहमत हो गए और उनका तर्क है कि पहले चरण में कम चौड़ाई की सड़क बनेगी यानी दूसरे चरण में फिर भविष्य में फिर मकानों-दुकानों को तोड़ना पड़ेगा।

नगर निगम ने केन्द्र सरकार से प्राप्त 468 करोड़ की राशि से इंदौर मास्टर प्लान की 23 सड़कों के निर्माण का ना सिर्फ निर्णय लिया, बल्कि चार पैकेजों में उसके टेंडर भी मंजूर कर दिए। यानी टेंडर में 100 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण बताया और अब मौके पर 80 फीट पर सहमति बताई जाने लगी। क्षेत्रीय विधायक और रहवासियों के साथ-साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इसके लिए तैयार हो गए। नतीजतन आधा दर्जन से अधिक सड़कों की चौड़ाई घटाने का निर्णय निगम ने अपने स्तर पर ही ले लिया, जिसके लिए शासन से कोई लिखित अनुमति नहीं मिली और चूंकि शासन के पास भी अधिकार नहीं हैं और उपांतरण प्रक्रिया के बाद ही चौड़ाई घटाई या बढ़ाई जा सकती है। अभी महापौर श्री भार्गव चौड़ाई घटाने पर यह तर्क दे रहे हैं कि पहले चरण में कम चौड़ाई में सड़कें बनेंगी। यानी ना तो अलाइनमेंट बदलेगा और ना चौड़ाई घटेगी। इसका मतलब यह हुआ कि कुछ वर्ष बाद जब दूसरे चरण में सड़कों को फिर चौड़ा करने की प्रक्रिया शुरू होगी तब अभी जो मकान-दुकान कम चौड़ाई के चलते तोड़े जा रहे हैं उन्हें फिर से तोड़ना पड़ेगा, क्योंकि रहवासियों पर तलवार तो लटकी ही रहेगी। जब तक कि मास्टर प्लान में ही धारा 23 के तहत उपांतरण की प्रक्रिया ना करवाई जाए। सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जब निगम ने इन 23 सड़कों के टेंडर निर्धारित चौड़ाई के मुताबिक ही मंजूर किए तो अब कम चौड़ाई में निर्माण करवाकर बड़ा घोटाला भी किया जा रहा है।

हालांकि निगम के आला अधिकारियों से लेकर भोपाल के भी वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि किसी भी सड़क की चौड़ाई घटाई या बढ़ाई नहीं जा सकती। उसके अधिकार किसी जनप्रतिनिधि को हैं भी नहीं। उल्लेखनीय है कि अभी आधा दर्जन से अधिक सड़कों की चौड़ाई घटाते हुए कुछ जगह रहवासियों ने स्वेच्छा से अपने मकान तोड़ना भी शुरू कर दिए हैं, जिसमें जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा की सड़क 80 की बजाय 60 फीट करने, छावनी सड़क भी 80 से 60 फीट के अलावा कंडिलपुरा, जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा, सुभाष मार्ग से रामबाग के बाद अब अन्य सड़कों पर भी इसी तरह की मांग आने लगी है। दरअसल, नगर निगम सड़क चौड़ीकरण में बाधक निर्माणों को तोड़ने के एवज में मुआवजा राशि तो देता नहीं है, उसके बदले में टीडीआर सर्टिफिकेट दिए गए हैं। हालांकि उसका भी उपयोग नहीं हो पा रहा है, क्योंकि शासन ने आवश्यक मास्टर प्लान में संशोधन अभी तक नहीं किए हैं। नगर निगम द्वारा सड़कों की चौड़ाई घटाने के मामले को अब हाईकोर्ट में भी चुनौती दी जा रही है और लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में भी इसकी जांच होगी।

# ग्रैंड स्लैम का बहिष्कार



## ● अपने अधिकारों के लिए लड़ने का एकमात्र तरीका: एरिना सबालेंका

**नई दिल्ली** । दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मंगलवार को कहा कि ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में ज्यादा हिस्सा पाने के खिलाड़ी हकदार हैं। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने कहा कि ज्यादा हिस्से के लिए टूर्नामेंट का बहिष्कार करने को भी तैयार हैं। एरिना सबालेंका ने इटैलियन ओपन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि शो हमारी तरफ से है। हमारे बिना कोई टूर्नामेंट नहीं होता। वह एंटरटेनमेंट नहीं है। हम निश्चित रूप से अधिक राशि पाने के हकदार हैं। मुझे लगता है कि किसी समय हम बहिष्कार करेंगे। अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका है।' उन्होंने कहा, 'हम लड़कियां आसानी से एक साथ आ सकती हैं और इसके लिए जा सकती हैं। मुझे लगता है कि कुछ चीजें खिलाड़ियों के साथ बहुत गलत हैं। किसी समय यह अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच जाएगा। पिछले साल लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों ने चार ग्रैंड स्लैम बॉस को दो पत्र साइन किए थे। इसमें पुरस्कार राशि बढ़ाने, संन्यास, और मातृत्व के अवसर पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए खिलाड़ियों के कल्याण के लिए भुगतान करने की मांग की गई थी। पत्र में टूर्नामेंट राजस्व में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था, जिससे मेजर टूर्नामेंट एटीपी मेन्स टूर और विमेंस डब्ल्यूटीए टूर द्वारा चलाए जाने वाले नौ संयुक्त 1000-लेवल इवेंट्स के बराबर आ जाएंगे। '

महिला एकल में चार बार की फ्रेंच ओपन की विजेता पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने कहा, 'टूर्नामेंट के बहिष्कार का निर्णय थोड़ा ज्यादा हो जाएगा। ' स्वियाटेक ने कहा, 'सच कहूं तो सबसे जरूरी बात गवर्निंग बॉडीज के साथ सही संवाद और चर्चा है। हमारे पास अपनी बात रखने की जगह होनी चाहिए। उम्मीद है कि फ्रेंच ओपन से पहले इस तरह की बैठक करने का मौका मिलेगा और हम देखेंगे कि उसमें क्या होता है। '

खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा था कि फ्रेंच ओपन द्वारा पुरस्कार राशि में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा काफी नहीं है। पिछले साल फ्रेंच ओपन की कमाई 395 मिलियन यूरो थी, जो उसके पहले के वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। कुल पर्स में सिर्फ 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खिलाड़ियों का राजस्व हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है। अनुमान के मुताबिक इस साल फ्रेंच ओपन का राजस्व 400 मिलियन यूरो से ज्यादा हो जाएगा। इसी वजह से खिलाड़ी अपनी राशि को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। एरिना ने फ्रेंच ओपन 2026 की शुरुआत से पहले अपनी मांग रखकर आयोजकों को निश्चित रूप से पुरस्कार राशि पर पुनर्विचार करने का दबाव बढ़ा दिया है। फ्रेंच ओपन 2026 का 18 मई से 7 जून 2026 तक खेला जाना है।



# सैमसन के 'पावर शो' के सामने बेबस हुई DC

## ● पॉइंट्स टेबल में ष्टस्य की छलांग, प्लेऑफ क्वालीफाई की उम्मीदें बरकरार

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शुरू हुआ संजू सैमसन की बेहतरीन बल्लेबाजी का सफर आईपीएल 2026 में भी जारी है।



मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में उन्होंने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के सामने चेन्नई सुपर किंग्स को शानदार जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 155 रन बनाए थे। 156 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी CSK एक समय 45 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन सैमसन ने युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के साथ मिलकर दिल्ली को और कोई सफलता नहीं लेने दिया और 17.3 ओवर में टीम को 2 विकेट पर 159 रन पर पहुंचाते हुए 8 विकेट से जीत दिला दी।

### सैमसन के दम पर DC से आगे निकली CSK

संजू सैमसन 52 गेंदों पर 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं, कार्तिक शर्मा 31 गेंदों पर 2 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच नाबाद और मैच विनिंग 114 रन की साझेदारी हुई। CSK ने जीत के साथ ही DC को 2 अंक पीछे छोड़ दिया है।

# ऋषभ पंत की जाएगी कप्तानी !

## ● मुंबई इंडियंस के हाथों स्त्र की हार के बाद फिर उठी मांग, दिग्गजों ने बताई ये बड़ी वजह

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स (स्त्र) के बीच सोमवार को आईपीएल 2026 का एक अहम मुकाबला खेला गया। जिसमें लखनऊ एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा। यह लखनऊ की लगातार छठी हार है। मुंबई के हाथों मिली इस हार के बाद एक बार फिर ऋषभ पंत को लखनऊ की कप्तानी से हटाने की मांग तेज हो गई है।

स्त्र अब तक खेले गए 9 मैच में सिर्फ 2 में ही जीत दर्ज कर पाई है और 4 पॉइंट्स के साथ अंकतालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। टीम के लगातार खराब पदर्शन के बाद कई दिग्गजों ने स्त्र मैनेजमेंट से पंत को कप्तानी से हटाने की मांग की है। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत भी तक इस सीजन में बल्लेबाजी या कप्तानी से कोई बड़ा कारमाना नहीं कर पाए हैं।



### पंत को कप्तानी से हटाने की मांग

ऋषभ पंत को कप्तानी से हटाने की मांग सबसे पहले दिग्गज खिलाड़ी वसीम जाफर ने की थी। उन्होंने इसके पीछे तर्क दिया था कि पंत कप्तानी के दबाव के कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उनसे कप्तानी की जिम्मेदारियां ले लेनी चाहिए, ताकि वो खुलकर खेल सकें और अपनी बल्लेबाजी पर फोकस कर सकें। जाफर ने पंत की जगह ऐडन मारक्रम को कप्तानी दिए जाने की

### पंत को बैटिंग पर फोकस करने की जरूरत

रोहन गावस्कर ने क्रिकबज से बात करते कहा कि, एक बार लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने कहा था कि वो चाहते हैं कि ऋषभ पंत एक विरासत तैयार करें। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के लिए अगले 10-15 साल तक खेलें और ट्रॉफी जीतें। गावस्कर ने कहा कि लेकिन कभी-कभी आपको कुछ खिलाड़ियों को फायरिंग लाइन से बाहर निकालना होता है। स्त्र मैनेजमेंट को अब इस सीजन यह फैसला करना पड़ेगा कि वो उन्हें कप्तान बनाए रखना चाहते हैं या नहीं। पंत को आजाद छोड़ देना चाहिए और उन्हें अपनी बैटिंग पर फोकस करना चाहिए। सबको पता है कि टी-20 में किस दर्जे के खिलाड़ी हैं और वो समय आने पर क्या कर सकते हैं।

